# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 12.04.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. लिटिल अंडमान प्रो–2026 के अंतिम दिन आज रोमांचक मुकाबले खेले जाएंगे। कल एस यू पी फाइनल्स महिला वर्ग में आरती और पुरूष वर्ग में शेखर पचाई ने पहला स्थान हासिल किया।
2. दक्षिण अंडमान वन प्रभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सुनसान स्थान से भारी मात्रा में अवैध पडॉक लकड़ी जब्त की।
3. निकोबार के चुकमाची गांव में नया खेल मैदान ग्रामीणों को समर्पित किया गया। पहले दिन खेल मैदान पर फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ।
4. राजधानी श्री विजयपुरम से कोलकाता मार्ग पर एम वी नालंदा का यात्रा कार्यक्रम घोषित किया गया। कल से टिकट बुकिंग प्रकिया शुरू होगी।

<><><><><><><>

लिटिल अंडमान प्रो 2026 के दूसरे दिन रोमांच अपने चरम पर रहा, जहां सर्फिंग और स्टैंड–अप पैडल बोर्डिंग प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर आयोजन की प्रतिष्ठा को और मजबूत किया। अंडमान एवं निकोबार पर्यटन विभाग और सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में देश–विदेश के शीर्ष खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। **सेकेंडरी बैंक** में हुए SUP टेक्निकल फाइनल्स में पुरुष वर्ग में शेखर पचाई ने राष्ट्रीय खिताब जीता। राजेश डी दूसरे और दिनेश सेल्वामणि तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में आरती ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि विजयलक्ष्मी इरुलप्पन और निशी क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं।

सर्फिंग में पुरुष ओपन **राउंड–2** में योगेश ए ने जीत दर्ज की, जबकि **राउंड–3** में रमेश बुधिहाल ने दिन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। वहीं संजय सेल्वामणि और श्रीकांत डी ने भी अपने–अपने हीट जीते। महिला ओपन क्वार्टरफाइनल में कमाली मूर्ति, सृष्टि सेल्वम और शुगर शांति बनारसे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए

बढ़त बनाई। प्रतियोगिता में आज अंतिम दिन  फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। जिसमें रोमांच अपने चरम पर होगा।

<><><><><><><><>

दक्षिण अंडमान वन प्रभाग की टीम ने कल एक सफल अभियान चलाते हुए एक दशमलव सात सात घन मीटर अवैध पडाक लकड़ी जब्त की। यह लकड़ी बिना किसी वैध दस्तावेज के एक सुनसान स्थान पर भारतीय वन अधिनियम, 1927 के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए संग्रहित पाई गई। यह कार्रवाई सहायक वन संरक्षक (मुख्यालय) आर.एस. शरथ के पर्यवेक्षण में की गई। विभाग ने बताया कि यह अभियान मूल्यवान वन संपदा की सुरक्षा और पडाक जैसी प्रजातियों के अवैध व्यापार पर रोक लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। जब्त लकड़ी को कब्जे में लेकर टुश्नाबाद के रेंज अधिकारी को सौंप दिया गया है तथा मामले की जांच जारी है। दोषियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान में वन रक्षक मुजीबुर रहमान, वीरास्वामी तथा मजदूर गणेश साहू, सैमुअल, पीटर एलेक्जेंडर और अनुतोष बैरागी ने भाग लिया। टीम का नेतृत्व फॉरेस्टर मोहम्मद इस्माइल ने किया। वन विभाग ने आम जनता से अपील की है कि अवैध वन एवं वन्यजीव उत्पादों से संबंधित किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना हेल्पलाइन नंबर 03192—255228 पर दें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

<><><><><><><><>

मुख्य सचिव के निर्देशानुसार विभागों में मासिक आपदा पूर्वाभ्यास आयोजित करने की श्रृंखला में, जहाजरानी सेवा निदेशालय ने कल नाव पलटने की काल्पनिक स्थिति पर एक पूर्वाभ्यास का आयोजन किया। यह सुबह 10 बजे मरीन डॉकयार्ड में 'एमएल रामकृष्णा' पोत के कैप्साइज होने की स्थिति को ध्यान में रखकर किया गया। ड्रिल का संचालन घटना कमांडर एवं उपनिदेशक (प्रभारी), DSS के समग्र पर्यवेक्षण में हुआ। इस दौरान आपदा प्रबंधन टीम के 38 कर्मियों ने यात्री व कर्मचारियों की भूमिका निभाते हुए सुरक्षित निकासी का अभ्यास किया और सभी को पैसेंजर हॉल स्थित सुरक्षित क्षेत्र में पहुंचाया गया। अभ्यास के तहत टीम ने 'एमवी हैरियट' पर सवार होकर सर्च एवं रेस्क्यू अभियान चलाया, जिसमें पोर्टेबल डीजी सेट, पंप सेट और लाइफ जैकेट जैसे आवश्यक उपकरणों का उपयोग किया गया। दो मामूली रूप से घायल मामलों का भी प्राथमिक उपचार किया गया।यह मॉक ड्रिल समन्वित कार्रवाई, त्वरित प्रतिक्रिया और टीमवर्क का प्रभावी उदाहरण रही।

<><><><><><><><>

निकोबार जिले के दूरस्थ गांव चुकमाची में एक नया खेल मैदान आम जनता को समर्पित किया गया। उप आयुक्त (निकोबार) अमित काले के मार्गदर्शन में  लगभग पौने दो लाख रुपये की लागत से स्वीकृति दी गई, जिससे 503 मानव–दिवस का रोजगार सृजित हुआ। इस अवसर पर आयोजित समारोह में ननकौड़ी के खंड विकास अधिकारी मोहम्मद यूनुस एम के साथ ग्रामीण उपस्थित रहे। यह खेल मैदान भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय की रोजगार गारंटी योजना 'विकसित भारत–रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण)' के तहत विकसित किया गया। कार्यक्रम के दौरान "एब्नर हैरी मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट" का भी शुभारंभ किया गया, जिसमें पांच टीमों ने भाग लिया।

<><><><><><>

जहाजरानी सेवा निदेशालय ने सूचना जारी करते हुए कहा है कि जहाज एमवी नालंदा 17 अप्रैल को सायं 6 बजे हैड्डो व्हार्फ से कोलकाता के लिए प्रस्थान करेगा। वापसी यात्रा में यह पोत 24 अप्रैल को दोपहर 12 बजे कोलकाता पोर्ट से श्री विजयपुरम के लिए छूटेगा। इस यात्रा के लिए टिकटों की बिक्री कल सुबह 10 बजे से शुरू होगी। यात्री टिकट DSS के ई–टिकटिंग पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन बुक कर सकते हैं। इसके अलावा STARS टिकट काउंटर में भी टिकट उपलब्ध होंगे। यात्रियों की सुविधा के लिए पोर्टल से सीधे जुड़ने हेतु क्यूआर कोड की व्यवस्था भी की गई है। प्रशासन ने यात्रियों से समय पर टिकट बुक करने और यात्रा से संबंधित दिशा–निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

<><><><><><>

मायाबंदर के मोहनपुर क्षेत्र के अंतर्गत ऑस्टिन–II स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में कल आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय लोगों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। शिविर का नेतृत्व चिकित्सा अधिकारी, डॉ. आर.पी. अस्पताल, मायाबंदर, डॉ. एलिस ब्वा ने बहु–विषयक टीम के साथ किया। यह शिविर टीबी मुक्त भारत अभियान 2.0 के तहत चलाए जा रहे 100 दिवसीय अभियान का हिस्सा था, जिसके अंतर्गत टीबी, गैर–संचारी रोग (एनसीडी), एनीमिया, मलेरिया और वृद्धावस्था संबंधी बीमारियों की जांच की गई। इसके साथ ही योग सत्र और मनोवैज्ञानिक परामर्श सत्र का भी आयोजन किया गया। डॉ. एलिस ने टीबी, एचपीवी टीकाकरण, लेप्टोस्पायरोसिस, डेंगू और हीट वेव से बचाव के विषय पर जागरूकता व्याख्यान दिया। शिविर में कुल पैंलातीस लाभार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 22 लोगों की हैंडहेल्ड एक्स–रे से जांच की गई।

<><><><><><>

महात्मा गांधी राजकीय महाविद्यालय, मायाबंदर में युवा उत्सव के दौरान "नशा मुक्त अभियान" के तहत एक शपथ समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में नशा मुक्त जीवनशैली को बढ़ावा देना और जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. वी. आर. मूर्ति ने छात्रों को संबोधित करते हुए नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवन अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने युवाओं से जिम्मेदार नागरिक बनने और समाज को बेहतर दिशा देने में योगदान करने का आह्वान किया। इस अवसर मायाबंदर के आर.पी. अस्पताल की जीडीएमओ (आयुर्वेद), डॉ. प्रियंका इकबाल ने छात्रों को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और सही जीवन मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उनके नेतृत्व में छात्रों को नशा मुक्त रहने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में चार सौ साठ से अधिक छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सामूहिक रूप से नशे से दूर रहने और स्वस्थ, जागरूक समाज के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया।

**<><><><><><><>**